# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस ज्ञान

जनवरी 2021 अंक- प्रथम



शशिधर उज्जवल

# Teachers of Bihar

*The Change Makers*

**JANUARY 2020** | **DiwasGyan** | **Vol. 01 No. 01**


# दिवस ज्ञान

## जनवरी

www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल

## 1 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. नववर्ष का स्वागत | 1 जनवरी ग्रेगोरियन कैलेण्डर का पहला दिन होता है। कुछ लोग इसे ईसाई नववर्ष भी कहते हैं, क्योंकि इसका संबंध ईसाई जगत व ईसा मसीह से है। बच्चों को बतायें की आज से ईसाई नववर्ष का प्रारंभ हो रहा हैं। बच्चों को नये कैलेण्डर के बारे में बतायें। उन्हें महीने और कैलेण्डर देखने के तरीके के बारे में बतायें। **वर्ग 1 से 5 तक की गणित** की पाठ्यपुस्तक के **समय** पाठ से जोड़कर बतायें और गतिविधि करवायें। |
| 2. नागालैंड दिवस | 1 दिसम्बर 1963 कों इसे पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया। राजधानी– कोहिमा। राज्य दिवस– 1 जनवरी। बच्चों को **रेडियंस भाग 3, पाठ 9** के संदर्भ में नागालैंड के बारे में बतायें। |
| 3. सत्येन्द्र नाथ बोस का जन्म | सत्येन्द्र नाथ बोस का जन्म 1 जनवरी 1894 को कोलकाता में हुआ था। क्वांटम सांख्यिकी के जनक सत्येन्द्र नाथ बोस भारत के महान वैज्ञानिक थे जिनके नाम पर सांख्यिकी में प्रयुक्त होने वाले कणों के नाम 'बोसोन' रखा गया। बच्चों को सत्येंन्द्र नाथ बोस से जुड़ी कहानियां या उनकी जीवनी बतायें। |

www.teachersofbihar.org

/teachersofbihar

TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान


शशिधर उज्ज्वल

## 2 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. गुरू गोविन्द सिंह जी का जन्म | गुरू गोविन्द सिंह जी सिक्खों के दसवे गुरू थे। बच्चों को **हमारी दुनिया भाग 1, पृष्ठ 92** के संदर्भ में गुरू गोविन्द सिंह जी के जीवनी के बारे में बतायें। |
| 2. अलाउद्दीन खिलजी का निधन | 2 जनवरी 1316 को अलाउद्दीन खिलजी का निधन दिल्ली में जलोदर रोग से हुई थी। अलाउद्दीन, खिलजी वंश का दूसरा शासक था। बच्चों को **अतीत से वर्तमान भाग 2, अध्याय 3** के संदर्भ में अलाउद्दीन खिलजी के बारे में बतायें। |
| 3. मौलाना मजहरूल हक का निधन | मौलाना मजहरूल हक का जन्म बिहार के पटना जिले में 22 दिसम्बर, 1866 को हुआ था। मौलाना मजहरूल हक एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रखर शिक्षाविद् और लेखक थे। उन्होंने ने 1917 के महात्मा गांधी के चम्पारण सत्याग्रह में भाग लिया। हक ने असहयोग आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभायी। वे असहयोग आंदोलन और खिलाफत आंदोलन और होमरूल लीग आंदोलन के समर्थक थे। बच्चों को **अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 12, पृष्ठ 200** के संदर्भ में बतायें। |
| 4. भारत रत्न पुरस्कार की स्थापना | भारत रत्न भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है जिसकी स्थापना 2 जनवरी 1954 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के द्वारा किया गया। **बच्चों को अपने जीवन में कुछ अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित करें। उन्हें भी भारत रत्न सम्मान के बारें में विस्तार से बतायें।** |

www.teachersofbihar.org

/teachersofbihar


TEACHERS OF BIHAR
The Change Makers
दिवस ज्ञान
शशिधर उज्ज्वल
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
3 जनवरी
1. सावित्रीबाई फूले का जन्म
सावित्रीबाई फूले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका एवं मराठी कवयित्री थीं। सावित्रीबाई फूले ने 1848 में पुणे में अपने पति के साथ मिलकर विभिन्न जातियों की नौ छात्राओं के साथ एक विद्यालय की स्थापना की। सावित्रीबाई विधवा विवाह करवाने, छुआछुत मिटाने के क्षेत्र में भी कार्य किया। 28 जनवरी 1853 को गर्भवती बलात्कार पीड़ितों के लिए एक बाल हत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना की। सावित्रीबाई फूले की जीवनी अतीत से वर्तमान भाग 3, पृष्ठ 130 के संदर्भ से जोड़कर बच्चों को बतायें।
www.teachersofbihar.org
/teachersofbihar

TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल

## 4 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. लुई ब्रेल का जन्म दिवस | लुई ब्रेल का जन्म 1809 ई में फ्रांस के छोटे से गांव कुप्रे में एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। लुई ब्रेल फ्रांस के शिक्षाविद् तथा अन्वेशक थे। उन्होंने दृष्टिहीनों के पढ़ने–लिखने के लिए ब्रेल लिपि का अविश्कार किया। **पर्यावरण और हम भाग 3 और विज्ञान भाग 3 पृष्ठ 152 के पाठ 12** के संदर्भ में बच्चों को लुई ब्रेल के जीवनी के बारे में बतायें। |
| 2. आइजक न्यूटन का जन्म। | आइज़क न्यूटन का जन्म 4 जनवरी 1643 को वुल्सथोर्प, लिंकनशायर, इंग्लैंड में हुआ था। न्यूटन ने प्रकृति के अनेक अनजाने रहस्यों को पता लगाया। उन्होंने बताया कि सूर्य का सफेद दिखने वाला प्रकाश वास्तव में सात रंगो से बना है। इन सात रंगों को प्रिज़्म की सहायता से अलग किया जा सकता है। न्यूटन ने गति के तीन नियम प्रतिपादित किये। उन्होंने गणित में कैलकुलस की नींव डाली। वे एक दार्शनिक भी थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में कई पुस्तकें लिखी। **विज्ञान भाग 1 से 3 के कुछ अध्यायों** से जोड़कर बच्चों को बतायें। |
| 3. सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम | मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत फोकल शिक्षक आज बच्चों से **शीतलहर से बचाव के उपायों पर चर्चा** करें। |



सोमवार

TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल



## 05 जनवरी

मंगलवार

| | |
|---|---|
| 1. मुगल शासक शाहजहाँ का जन्म | मुगल वंश का पाँचवां शासक शाहजहाँ का जन्म 5 जनवरी, 1592 ई0 को लाहौर में हुआ था। शाहजहाँ का शासनकाल 'स्थापत्यकला का स्वर्णयुग' माना जाता है। शाहजहाँ द्वारा बनवायी गयी प्रमुख इमारतें दिल्ली का लालकिला, ताजमहल, दिल्ली का जामा मस्जिद, आगरा का मोती मस्जिद, लाहौर का किला आदि प्रमुख हैं। **अतीत से वर्तमान भाग 2, पाठ 4 अथवा पृष्ठ 74** के संदर्भ में बच्चों को बताया जा सकता है। |
| 2. काग़ज़ी मुद्रा स्वीडन के बैंक ने जारी किया | यूरोप में पहली बार 1691 ई. में काग़ज़ी मुद्रा स्वीडन के बैंक ने जारी किया था। आज आप बच्चों को विभिन्न नोटों के फीचर्स के बारे में चर्चा कर सकते हैं। उन्हें मुद्रा की कहानी भी बता सकते हैं। (**वर्ग 1 से 5 तक की गणित** के पाठ्यपुस्तक में **मुद्रा पाठ** से जोड़े।) |


PHOTOS OF THE YEAR Competition
PARTICIPATE NOW AND GET A CHANCE TO WIN AMAZON GIFT VOUCHERS.
Last Date of submission - 15 January 2021
For more details visit contest.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
कोडिंग सीखेगा बिहार
इच्छा है तो संभव है!
रविवार 10:00 से 11:00 AM
एवं गुरुवार 6:00 से 7:00 PM
zoom ऑनलाइन जूम पर
www.tinyurl.com/Codingbihar
अधिक जानकारी के लिए विजिट करें
www.som.teachersofbihar.org/coding-sikhega-bihar


www.teachersofbihar.org

/teachersofbihar



TEACHERS OF BIHAR
The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल

## 6 जनवरी (बुधवार)

### 1. ए. आर. रहमान का जन्म



ए. आर. रहमान प्रसिद्ध भारतीय संगीतकार हैं। रहमान जब नौ साल के थे तब उनके पिता की मृत्यु हो गयी थी और परिस्थितियां इतनी बिगड़ गयी थी कि पैसों के लिए घरवालों ने रहमान के पिता के वाद्ययंत्रों को भी बेच दिया। इसी बीच उनके परिवार ने इस्लाम धर्म अपना लिया। धर्मपरिवर्तन के पश्चात् उनका नाम अल्लाह रक्खा रहमान (ए. आर. रहमान) हुआ। 11 वर्ष की आयु में बैंड ग्रुप (आर्केस्ट्रा) में काम किया। ए. आर. रहमान गोल्डन ग्लोब पुरस्कार (2009) से सम्मानित होने वाले प्रथम भारतीय हैं। फिल्म स्लमडॉग मिलेनियर में संगीत के लिए दो ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाले प्रथम भारतीय हैं। वर्ष 2000 में पद्म श्री और वर्ष 2010 में पद्म विभूषण से भारत सरकार ने सम्मानित किया। बच्चों को **प्रेरक प्रसंग के माध्यम से जीवन के संघष को जीतने को प्रेरित करें।**

### 2. छत्रपति शिवाजी का सूरत पर हमला



सन् 1661 से 1663 तक मुगल फ़ौज ने शाइस्ता खाँ के नेतृत्व में छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्य को बहुत नुकसान पहुँचाया था। 6 जनवरी 1664 को शिवाजी ने सूरत पर हमला कर मुगल आक्रमण से हुए नुकसान की भरपाई के लिए लूटा। सूरत की लूट ने औरंगजेब को हैरान करके रख दिया। औरंगजेब ने इसके बाद राजपूत राजा जयसिंह को शिवाजी को काबू में करने के लिए भेजा जो अपने उद्देश्य में सफल रहा। **अतीत से वर्तमान भाग 2, पाठ 9, पृष्ठ 151**

www.teachersofbihar.org

/teachersofbihar

बुधवार

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल




## 7 जनवरी

### 1. निकोला टेस्ला का निधन



निकोला टेस्ला अपने समय के मशहूर वैज्ञानिक थे। उनका जन्म 10 जुलाई 1856 को क्रोशिया देश में हुआ। टेस्ला ने प्रत्यावर्ती धारा का अविश्कार किया। बिना तार के बिजली भेजने का फॉमूला अर्थात् वायरलेस कम्युनिकेशन, रिमोट कंट्रोल, रेडियो ट्रांसमीटर और **फ्लोरोसेन्ट लैम्प** का अविश्कार भी टेस्ला ने किया था। अमेरिका के नियाग्रा फॉल पर पहला हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्लांट भी उन्ही की देन है। उन्होंने एडिसन के साथ भी काम किया। निकोला टेस्ला अपने प्रयोग का पूर्ण विवरण डायरी में नहीं लिखते थे। उन्हे अपने स्मरण भाक्ति पर ज्यादा भरोसा था। अतः 7 जनवरी, 1943 में उनकी मौत के बाद उनके अधूरे कार्य रहस्य बन कर रह गये। बच्चों को **विज्ञान भाग 1 के पाठ 14** में एडीसन के कहानी के साथ अथवा **भाग 2 के पृष्ठ 142 फ्लोरोसेन्ट लैम्प** के संदर्भ में बतायें।

# TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers


# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्ज्वल**




## 8 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. सोमनाथ मंदिर पर मुहम्मद ग़ज़नवी का हमला | सोमनाथ मंदिर पर 8 जनवरी, 1026 ई. को मुहम्मद ग़ज़नवी ने करीब 5000 साथियों के साथ हमला कर उसे ध्वस्त कर दिया था। इस हमले में ग़ज़नवी ने मंदिर की संपत्ति लूटी और हजारों लोग मारे गये थे। बच्चों को **अतीत से वर्तमान भाग 2, पृष्ठ 28** के संदर्भ में विशेष रूप से सोमनाथ मंदिर के इतिहास के बारे में बतायें। |







/teachersofbihar

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल




## 9 जनवरी (शनिवार)

| | |
|---|---|
| 1. हरगोविन्द खुराना का जन्म | हरगोविन्द खुराना, वर्श 1968 का चिकित्सा विज्ञान का नोबल पुरस्कार से सम्मानित भारतीय अमेरिकी वैज्ञानिक का जन्म अविभाजित भारत में मुल्तान जिले (पंजाब) में हुआ था। डॉ0 खुराना ने प्रोटीन संश्लेषण में जेनेटिक कोड की भूमिका पर शोध किया। **हरगोविन्द खुराना की जीवनी के प्रेरक प्रसंग बच्चों को बताएं।** |
| 2. प्रवासी भारतीय दिवस | महात्मा गांधी के दक्षिण अफ्रीका से स्वदेश वापस आने के स्मृति में भारत सरकार द्वारा 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस दिवस मनाया जाता है। महात्मा गांधी को सबसे बड़ा प्रवासी माना जाता है जिन्होने दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के ऊपर हो रहे नस्लवादी अन्याय, भेदभाव और हीनता को देखकर उन्होने अन्याय के खिलाफ विरोध प्रारम्भ कर दिया। प्रत्येक दो वर्श पर प्रवासी भारतीय दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। अगली बार यह 2021 में आयोजित किया जाएगा। **अतीत से वर्तमान भाग 3, पृष्ठ142** के संदर्भ में बच्चों को बताएं। |
| 3. सुंदरलाल बहुगुणा का जन्म | पर्यावरण की सुरक्षा में अपना जीवन समर्पित करने वाले सुंदरलाल बहुगुणा का जन्म 9 जनवरी 1927 को उत्तराखण्ड के टिहरी में हुआ था। उन्होंने लोगों के बीच पर्यावरण सुरक्षा का संदेश फैलाया। चिपको आंदोलन के कारण वे विश्वभर में वृक्षमित्र के नाम से प्रसिद्ध हो गए। भारत सरकार ने उन्हें वर्श 2009 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया। बच्चों को **विज्ञान भाग 3 पाठ 12** के संदर्भ में बतायें। |

TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्ज्वल**




Teachers of Bihar

कोडिंग सीखेगा बिहार

इच्छा है तो संभव है!

HURRY!

Register Now

रविवार 10:00 से 11:00 AM
एवं गुरुवार 6:00 से 7:00 PM
ऑनलाइन ज़ूम पर

www.tinyurl.com/Codingbihar

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें
www.som.teachersofbihar.org/coding-sikhega-bihar


## 10 जनवरी (रविवार)

**1. विश्व हिन्दी दिवस**

विश्व हिन्दी दिवस प्रतिवर्श 10 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व हिन्दी दिवस का उद्देश्य विश्वभर में हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करना है और हिन्दी को अंतराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। विश्व हिन्दी दिवस मनाने की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी 2006 को किया था। बच्चों को हिन्दी के महत्व के बारे में निबंध लेखन अथवा भाषण करवाएं।

**2. ताशकन्द समझौता पर हस्ताक्षर**

10 जनवरी, 1966 की तारीख को लाल बहादूर शास्त्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने ताशकंद समझौते पर हस्ताक्षर किये थे। इस के पश्चात् भारत–पाकिस्तान के बीच 1965 की जंग समाप्त हुई।

**3. सीमेंट का आविष्कार**

सन् 1824 में इंग्लैंड के एक मिस्त्री, जिसका नाम जोसेफ एस्पडिन था, ने पोर्टलैंड पत्थर का प्रयोग कर सीमेन्ट का निर्माण किया। यह सीमेन्ट स्लेटी रंग का पाउडर होता है जो नमी या पानी के सम्पर्क में आकर पत्थर जैसा कड़ा हो जाता है। सीमेन्ट बनाने के लिए कच्चे माल के रूप में कैल्शियम, सिलिकॉन, लोहा और ऐलुमिनियम का उपयोग होता है। चुना पत्थर के अंदर कैल्शियम होता है और सिलिकॉन, लोहा और ऐलुमिनियम रेत के अंदर होता है। फिर इनको साफ करके अच्छी तरह पीसा जाता है और एक पाउडर तैयार किया जाता है। आमतौर पर चूनापत्थर और रेत का अनुपात 80:20 होता है।। फिर इस चूर्ण को 1500 डिग्री सेल्सियस पर गर्म किया जाता हैं। रासायनिक प्रतिक्रिया के फलस्वरूप सीमेन्ट का निर्माण होता है।

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल

## 11 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. लाल बहादूर शास्त्री का निधन | 10 जनवरी, 1966 की रात करीब 1:30 बजे लाल बहादूर शास्त्री को दिल का दौरा पड़ा। उनकी वहीं मृत्यु हो गई। ताशकन्द में समझौते की रात भारत के तत्कालिन प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री के निधन ने कई सवाल खड़े कर दिये।1966 में मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत–रत्न से नवाजा गया।<br>**(संभव हो तो देखें और दिखाएं– फिल्म 'द ताशकंद फाइल्स')** |

TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल

# राष्ट्रीय युवा दिवस



## 12 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. राष्ट्रीय युवा दिवस | भारत सरकार ने 1984 से स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिन, 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने के निर्णय किया। **अतीत से वर्तमान भाग 3, पृष्ठ135,** स्वामी विवेकानन्द के संदर्भ में बच्चों को बताएं। |
| 2. क्रांतिकारी सूर्यसेन को चटगांव में फाँसी | 12 जनवरी, 1934 में भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी सूर्यसेन को चटगांव में फाँसी दी गई। उन्होंने इंडियन रिपब्लिकन आर्मी की स्थापना की और चटगांव विद्रोह का सफल नेतृत्व किया। **(विशेष तौर पर अभिषेक बच्चन की फिल्म– 'खेलें हम जी जान से' देखें।)** |

/teachersofbihar

TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल






## 13 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. लोहड़ी का त्योहार | लोहड़ी उत्तर भारत का प्रमुख फसल–पर्व है। अच्छी फसल के लिए सूर्य देव और अग्नि देव का आभार प्रकट किया जाता है। लोहड़ी के दिन विशेष पकवान बनते हैं जिसमें गज़क, रेवड़ी, तिल–गुड़ के लड्डु, मक्का की रोटी और सरसों का साग, मूँगफली प्रमुख होता है। बच्चों से **पर्यावरण और हम भाग 2, पाठ 4 'त्योहार और भाजन'** अथवा **किसलय भाग–1, पाठ 17 'फसलों के त्योहार'** के संदर्भ में चर्चा करें। |

TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल

# HAPPY MAKAR SANKRANTI



## 14 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. पानीपत का तीसरा युद्ध | पानीपत का तीसरा युद्ध मराठा तथा अफगान भाासक अहमद शाह अब्दाली के साथ 14 जनवरी, 1761ई0 को हुआ। इस युद्ध में मराठा परास्त हुए। **अतीत से वर्तमान भाग 2, पाठ 9, पृष्ठ 154** |
| 2. अबुल फ़जल का जन्म | अबुल फ़जल अकबर का मुख्य सलाहकार और सचिव था। अबुल फ़जल ने आइने अकबरी और अकबरनामा की रचना की थी। वह अकबर के दीन–ए–इलाही धर्म का मुख्य पुरोहित था। **अतीत से वर्तमान भाग 2, पाठ 4, पृष्ठ 69** के संबंध में बच्चों से चर्चा करें। |

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल



## 15 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. मकर संक्राति /पोंगल/ खिचड़ी/ पतंगोत्सव/ घुघुतिया का त्योहार | मकर संक्राति के दिन से धरती का उत्तरी गोलार्द्ध सूर्य की ओर मुड़ जाता है। इस दिन से ठंड कम होने लगता है। बच्चों से **पर्यावरण और हम भाग 2, पाठ 4 'त्योहार और भोजन'** अथवा **किसलय भाग–1, पाठ 17 'फसलों के त्योहार'** के संदर्भ में चर्चा करें। |
| 2. थल सेना दिवस | प्रतिवर्श 15 जनवरी को लेफ्टिनेंट जनरल (बाद में फिल्ड मार्शल) के.एम. करियप्पा के भारतीय थल सेना में भीर्श कमांडर का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। 15 जनवरी 1949 को ही के.एम. करियप्पा स्वतंत्र भारत के प्रथम भारतीय थल सेना प्रमुख बने। बच्चों को भारतीय थल सेना के साहस और पराक्रम की कहानियां अथवा फिल्मों को दिखाएं। |

TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल

## 16 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. पांडिचेरी पर से फ्रांसीसियों का अधिकार समाप्त | 1760 ई. में अंग्रेजी सेना ने सर आयरकूट के नेतृत्व में वांडिवाश की लड़ाई में फ्रांसीसियों को बुरी तरह से हराया। 1761 में अंग्रेजों ने पांडिचेरी को फ्रांसीसियों से छीन लिया। **अतीत से वर्तमान भाग 3, पृष्ठ 24** के संदर्भ में बच्चों को अंग्रेजों और फ्रांसीसियों के बीच युद्ध के बारे में बतायें। |


फोटो ऑफ द ईयर प्रतियोगिता में आये बिहार के सरकारी विद्यालयों के अब तक हजारों उत्कृष्ट तस्वीरें।

क्या आपने भेजा?

आज ही साझा किजिए विद्यालय, शिक्षकों और बच्चों की तस्वीरें और जीतें अमेजॉन गिफ्ट वाउचर

PHOTOSOFTHEYEAR

शिक्षको की मांग पर अंतिम तिथि दिनांक 20.01.21 (स्थापना दिवस) तक बढ़ा दी गई है।

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें

contest.teachersofbihar.org

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्ज्वल**

फोटो ऑफ द ईयर प्रतियोगिता में आये बिहार के सरकारी विद्यालयों के अब तक हजारों उत्कृष्ट तस्वीरें।
क्या आपने भेजा?

## 17 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. बेंजामिन फ्रेंकलिन का जन्म | बेंजामिन फ्रेंकलिन का जन्म 17 जनवरी, 1706 को बोस्टन, मेसाचुसेट्स, अमेरिका में हुआ था। बेंजामिन फ्रेंकलिन ने ही तड़ित चालक का खोज किया था। बच्चों को **विज्ञान भाग 3, पृष्ठ 15** के संदर्भ में बेंजामिन फ्रेंकलिन के बारे में बतायें। |
| 2. डी. आर. कापरेकर का जन्म | दत्तात्रेय रामचन्द्र कापरेकर एक भारतीय गणितज्ञ थे। उनका जन्म 17 जनवरी, 1905 को डहाणू, महाराष्ट्र में हुआ था। उन्होंने संख्या सिद्धान्त के क्षेत्र में अनेक योगदान किया। संख्या 6174 को कापरेकर स्थिरांक कहते हैं। इसका पता कारपरेकर ने लगाया था।<br>उदाहरण के लिए–<br>1. चार अंक की कोई भी संख्या लीजिये जिसके दो अंक भिन्न हों।<br>2. संख्या के अंकों को आरोही तथा अवरोही क्रम में लिखें। इससे आपको दो संख्यायें मिलेंगी।<br>3. अब बड़ी संख्या में से छोटी संख्या को घटायें।<br>4. जो संख्या मिले इस पर पुनः क्रम संख्या 2 तथा 3 वाली प्रक्रिया दोहराएं। कुछ निर्" चत चरणों के बाद आपको संख्या 6174 मिलेगी।<br>जैसे– 7731 – 1377 = 6354<br>6543 – 4356 = 3087<br>8730 – 0378 = 8352<br>8532 – 2358 = 6174<br>7641 – 1467 = 6174<br>इसी प्रकार, बच्चों को कारपरेकर संख्या के बारे में भी बतायें। |

# TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल



## 18 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. महादेव गोविन्द रानाडे का जन्म | महादेव गोविन्द रानाडे ब्रिटिश काल के एक भारतीय न्यायाधीश, लेखक एवे समाज सुधारक थे। उनका जन्म 18 जनवरी 1842 को हुआ था। उन्होंने अपने मित्रों आत्माराम पांडुरंग और चन्द्रावरकर के साथ मिलकर प्रार्थना समाज की स्थापना 1867ई. में किया, जिसका उद्दे” य जाति–प्रथा का विरोध, स्त्री शिक्षा को प्रोत्साहन, विधवा मुण्डन, विधवा विवाह था। उन्होंने पुणे सार्वजनिक सभा की स्थापना की। **अतीत से वर्तमान भाग 3, पृश्ठ 133 और पृष्ठ 186** के संदर्भ में बच्चों को महादेव गोविन्द रानाडे के जीवनी और कार्यों के बारे में बतायें। |
| | |
| 3. जल, जीवन, हरियाली कार्यक्रम | बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता बढ़ाने के लिए जल, जीवन, हरियाली कार्यक्रम से संबंधित निबंध लेखन, भाषण, वाद–विवाद, रंगोली, वृक्षारोपण कार्यक्रम, नारा लेखन, प्रभात फेरी आदि का आयोजन कर सकते हैं। इसके अलावे आज आप परिचर्चा के कई टॉपिक बना सकते हैं जैसे– 'पेड़–पौधों का भारतीय संस्कृति में महत्व', 'पेड़–पौधों के औशधीय महत्व', 'जल संरक्षण की आवश्यकता और भविष्य' आदि। |

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल







## 19 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. जेम्स वॉट का जन्म | जेम्स वॉट का जन्म 19 जनवरी, 1736 को स्कॉटलैंड में हुआ था। जेम्स वॉट ने भाप से चलने वाली वाश्प इंजन का अविश्कार किया था। बच्चों को जेम्स वॉट की जीवनी और उनके अविष्कारों के बारे में बतायें। |

# TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

## दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल





## 20 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. खान अब्दुल गफ़्फार खान का निधन | खान अब्दुल गफ़्फार खान भारत रत्न सम्मान पाने वाले (1987 ई.) प्रथम विदेशी नागरिक थे। उन्होंने 1930 के सत्याग्रह आंदोलन में महात्मा गांधी का साथ दिया था। 1930 के दशक के उत्तरार्द्ध में महात्मा गांधी के निकटस्थ सलाहकारों में से एक थे। भारत विभाजन के बाद उन्होंने पाकिस्तान में रहने का निश्चय किया लेकिन वे भारत विभाजन से सहमत नहीं थे। सन् 1988 में पाकिस्तान के सरकार ने उन्हें पेशावर में उनके घर में नज़रबंद कर दिया। 'सीमांत गांधी' के नाम से मशहूर खान अब्दुल गफ़्फार खान का निधन 20 जनवरी, 1988 को उनकी मृत्यु हो गयी। |
| 2. एम्पीयर का जन्म | आंद्रे मैरी एम्पीयर फ्रांस के भौतिकविज्ञानी थे। उन्होंने विद्युत चुंबकत्व से संबंधित महत्वपूर्ण नियम का प्रतिपादन किया जिसे 'एम्पीयर का नियम' कहा जाता है। विद्युत धारा की मात्रक 'एम्पीयर' उन्हीं के नाम पर है। |

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल

## 21 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. मेघालय, मणिपुर और मिजोरम का स्थापना दिवस | 21 जनवरी, 1972 को मेघालय, मणिपुर और मिजोरम को अलग राज्य का दर्जा दिया गया। बच्चों को मेघालय, मणिपुर और मिजोरम के संस्कृति और भौगोलिक अवस्थिति के बारे में बतायें। |
| 2. रासबिहारी बोस का निधन | रासबिहारी बोस भारत के एक क्रांतिकारी नेता थे। दिल्ली की तात्कालीन वायसराय लार्ड चार्ल्स हार्डिंग पर बम फेंकने की योजना बनाने, ग़दर की साजिश रचने, और बाद में जापान जाकर इंडियन इंडिपेंडेंस लीग की स्थापना की। रासबिहारी बोस ने 1942 में आजाद हिन्द फौज की भी स्थापना की थी। रासबिहारी बोस का निधन 21 जनवरी, 1945 को हुआ था। **अतीत से वर्तमान भाग 3, पाठ 12, पृष्ठ 208** के संदर्भ में बच्चों को रासबिहारी बोस के कार्यों के बारे में बतायें। |
| 3. लेनिन की मृत्यु | व्लादिमीर इलीइच लेनिन का असली नाम 'उल्यानोव' था। लेनिन एक उच्च कोटि का रूसी विचारक और दार्शनिक था। प्रथम विश्वयुद्ध के समय लेनिन का नारा था– युद्ध बंद करो। लेनिन बोल्शेविक क्रान्ति का भी नेता था। लेनिन ने तीन नारे दिए– भूमि, भाांति और रोटी। भूमि किसानों को, भाांति सेना को और रोटी मजदूरों को। 21 जनवरी, 1924 को मस्तिष्क रक्तस्त्राव के कारण लेनिन की मृत्यु हो गई। इतिहास के शिक्षक बच्चों को **रूस की क्रांति** और लेनिन के बारे में बताएं। **कक्षा 10** |

# TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल






## 22 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. ठाकुर रोशन सिंह का जन्म | ठाकुर रोशन सिंह भारत की आजादी के लिए संघर्श करने वाले क्रांतिकारियों में से एक थे। 22 जनवरी 1892 को उनका जन्म हुआ था। हिन्दी के शिक्षक बच्चों को **'लड़की के पिता' कहानी** को बच्चों को बतायें। |
| 2. शाहजहाँ का निधन | शाहजहाँ का निधन 22 जनवरी, 1666 को आगरा के किले में निधन हुआ। उसकी मृत्यु के बाद साधारण नौकरों द्वारा ताजमहल में उसकी पत्नी के कब्र के साथ ही दफना दिया गया। इतिहास के शिक्षक बच्चों को **अतीत से वर्तमान भाग 2, पाठ 4 अथवा पृष्ठ 73–74** के संदर्भ में भााहजहाँ के अंतिम दिनों बारे में अर्थात् शाहजहाँ के उत्तराधिकार की लड़ाई के बारे में बतायें। |

TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल



## 23 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती | सुभाश चन्द्र बोस का जन्म 23 जनवरी, 1897 को कटक, उड़ीसा में हुआ था। द्वितीय विश्वयुद्ध के समय उन्होने जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया। उन्होंने 'जय हिन्द' का नारा दिया था। इतिहास के शिक्षक **अतीत से वर्तमान भाग 3, पाठ 12 अथवा पृष्ठ 208** के संदर्भ में बच्चों को सुभाश चन्द्र बोस की जीवनी बतायें। विशेष आयोजन के तौर पर आप '**नेता जी सुभाश चन्द्र बोस–द फॉरगोटन हीरो**' फिल्म भी बच्चों को दिखा सकते हैं। |

TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल

## 24 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. कर्पुरी ठाकुर का जन्म | कर्पुरी ठाकुर का जन्म 24 जनवरी, 1924 को समस्तीपुर जिले के पितौंझिया गाँव में जिसे अब कर्पूरी ग्राम भी कहा जाता है, में हुआ था। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्होंने 26 महीने जेल में बिताये थे। वह 22 दिसम्बर 1970 से 2 जून 1971 तथा 24 जून 1977 से 21 अप्रैल 1979 के दौरान दो बार बिहार के मुख्यमंत्री पद पर रहे। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। हिन्दी के शिक्षक **किसलय भाग 3, पाठ 19** के संदर्भ में बच्चों को कर्पूरी ठाकूर की जीवनी के बारे में बच्चों को बतायें। |
| 2. राष्ट्रीय बालिका दिवस | राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर लड़कियों को खासकर किशोरियों को सशक्त बनाने संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन करें। बालिकाओं को घरेलू हिंसा से बचाव और उनके अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक, बाल विवाह, लड़कियों से छेड़छाड़ व दहेज उत्पीड़न जैसी समस्याओं के बारे में सचेत करें और चर्चा करें। **सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन भाग 2, पाठ 4–5** के संदर्भ में अथवा **सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के अंतर्गत चतुर्थ शनिवार के विषय** के आलोक में बच्चों से चर्चा करें। |
| 3. राष्ट्रगान का अंगीकार | 24 जनवरी, 1950 को जन–गण–मन को राष्ट्रगान का दर्जा मिला। आज आप बच्चों को राष्ट्रगान के महत्व, इसकी उत्पति की कहानी, राष्ट्रगान के समय नियम आदि के बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान करें। आज आप राष्ट्रगान गायन का प्रैक्टिस भी कर सकते हैं। **पर्यावरण और हम भाग 2, पाठ 22** के संदर्भ में चर्चा करें। |

# TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल



## 25 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. राष्ट्रीय मतदाता दिवस | भारत निर्वाचन आयोग आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को हुआ था। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्श 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। **सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन भाग 1 अध्याय 6 तथा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन भाग 2, अध्याय 1** के संदर्भ में बच्चों से चर्चा करें कि मतदाता सूची क्या होती है? मतदान करना क्यों जरूरी है। बच्चों को अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए जागरूक करने के लिए प्रभात फेरी, नारा लेखन कार्यक्रमों का आयोजन करें। |
| 2. राष्ट्रीय पर्यटन दिवस | राष्ट्रीय पर्यटन दिवस प्रतिवर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस देश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन की महत्ता के बारे में जागरूकता बढ़ानें के लिए किया जाता है। |
| 3. गणतंत्र दिवस की तैयारी | आज आप अपने विद्यालय और आस–पास के क्षेत्रों में सफाई का कार्यक्रम का आयोजन करें। अपने विद्यालय में गणतंत्र दिवस की पूर्व तैयारी कर लें। आज शाम को आप गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का संदेश भी दूरदर्शन, रेडियो पर देख–सुन सकते हैं। संस्कृत की पाठ्यपुस्तक **'अमृता' भाग 2, अध्याय 4, पृष्ठ 36** से जोडकर बच्चों को बतायें। |

TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल






## 26 जनवरी


| | |
|---|---|
| 1. गणतंत्र दिवस | 26 जनवरी, 1950 को भारत में गणतंत्र की स्थापना की गई थी। इस अवसर पर बच्चों को भारतीय गणतंत्र की कहानी बतायें। बच्चों के साथ गणतंत्र का महत्त्व, मूलभूत अधिकार और कर्त्तव्यों की चर्चा करें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करें। संभव हो तो बच्चों को राष्ट्रपति के संबोधन को सुनायें एवं परेड तथा झाँकी को दिखलायें। |
| 2. राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार | राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार बहादूर बच्चों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदान किये जाते हैं। राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार वैसे बच्चों को दिये जाते हैं जिन्होंने अपने जान की परवाह न करते हुए किसी की जान बचायी हो या अदम्य साहस का परिचय दिया हो। राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार के बारे में बच्चों को बतायें। |

TEADERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल





## 27 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. एडीसन द्वारा बल्ब का पेटेंट | थॉमस अल्वा एडीसन ने बिजली से चलने वाले बल्ब का पेटेंट वर्श 1880 में करवाया। **विज्ञान भाग 1 पाठ 14, पृष्ठ 163–164** के संदर्भ में। |




Teachers of Bihar

कोडिंग सीखेगा बिहार

इच्छा है तो संभव है!

HURRY! LIMITED SEATS ONLY

Register Now

www.tinyurl.com/Codingbihar

रविवार 10:00 से 11:00 AM
एवं गुरुवार 6:00 से 7:00 PM

ऑनलाइन जूम पर

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें
www.som.teachersofbihar.org/coding-sikhega-bihar

/teachersofbihar

TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल



अतीत को देखते रहना व्यर्थ है, जब तक उस अतीत पर गर्व करने योग्य भविष्य के निर्माण के लिए कार्य न किया जाए ।

**लाला लाजपत राय**

## 28 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. लाला लाजपत राय का जन्म | 'पंजाब केसरी' लाला लाजपत राय का जन्म 28 जनवरी, 1865 को पंजाब के मोगा जिले में हुआ था। इन्होंने पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना भी किया था। सन् 1928 में साइमन कमीशन के विरूद्ध हुए प्रदर्शन के दौरान लाठी चार्ज में बहुत बुरी तरह से घायल हो गये और 17 नवम्बर, 1928 को इनकी मृत्यु हो गई। इतिहास के शिक्षक बच्चों को लाला लाजपत राय के जीवनी के बारे में बतायें। |

# TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल



## 29 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. महाराणा प्रताप का निधन | मेवाड़ के सिसोदिया राजवंश के महान हिन्दू शासक महाराणा प्रताप का 29 जनवरी, 1597 ई. को निधन हुआ था। इस अवसर पर बच्चों को महाराणा प्रताप की वीरता की कहानियां सुनाएं। |
| 2. बीटिंग द रिट्रीट | बीटिंग द रिट्रीट भारत के गणतंत्र दिवस समारोह की समाप्ति का सूचक है। इस कार्यक्रम में थल सेना, वायु सेना और नौ सेना के बैंड पारंपरिक धुन के साथ मार्च करते हैं। यह सेना के बैरक वापसी का संकेत है। गणतंत्र दिवस के पश्चात् प्रतिवर्ष 29 जनवरी की शाम को बीटिंग द रिट्रीट कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। बच्चों को दूरदर्शन पर बीटिंग द रिट्रीट कार्यक्रम का प्रसारण देखने को प्रेरित करें। |

TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल




राष्ट्रपिता महात्मा गांधी



कवि जयशंकर प्रसाद

## 30 जनवरी

| | |
|---|---|
| 1. शहीद दिवस | 30 जनवरी, 1948 को नाथुराम गोडसे ने महात्मा गांधी की हत्या कर दी जब वे प्रार्थना सभा के लिए बिरला मंदिर जा रहे थे। इस तिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। बापू की स्मारक राजघाट, दिल्ली में इस अवसर पर विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। आज आप भी विद्यालय में बापू की पुण्य तिथि पर मौन रखकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर सकते है। इस अवसर पर इतिहास के शिक्षक बच्चों को गांधी जी की प्रमुख सिद्धांतों, संदेशों और अंतिम दिनों की कहानियां सुनायें। संभव हो तो बेन किंग्स्ले की फिल्म 'गांधी' बच्चों को दिखलायें। |
| 2. जयशंकर प्रसाद का जन्म | छायावादी युग के प्रमुख कवि जयशंकर प्रसाद का जन्म 30 जनवरी, 1889 को वाराणसी में हुआ था। जयशंकर प्रसाद हिन्दी के प्रसिद्ध कवि, नाटककार, उपन्यासकार तथा निबन्धकार थे। उनकी प्रमुख रचनाओं कामायनी, ध्रुवस्वामिनी, कंकाल प्रमुख है। हिन्दी के शिक्षक बच्चों को जयशंकर प्रसाद के बारे में बतायें। 'अरूण यह मधुमय देश हमारा', 'बीती विभावरी जागरी', 'भारत महिमा', अथवा 'हिमाद्री तुंग श्रृंग से', कविता का सस्वर वाचन कर सकते हैं। |

# TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल

## 31 जनवरी

**1. श्री कृष्ण सिंह स्मृति दिवस**




31 जनवरी, 1961 को 'बिहार केसरी' श्री कृष्ण सिंह का निधन हुआ था। वे बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री(1946–1961) और महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्हें आधुनिक बिहार के निर्माता भी कहा जाता है। उनके मुख्यमंत्रीत्व काल में आजाद भारत की पहली रिफाइनरी– बरौनी ऑयल रिफाइनरी, आजाद भारत का प्रथम खाद कारखाना–सिन्दरी व बरौनी रासायनिक कारखाना, पुसा कृशि वि" वविद्यालय, प्रथम रेल सह सड़क पुल–राजेन्द्र पुल आदि की स्थापना की गई। बच्चों को श्री कृष्ण सिंह के बारे में बतायें।

### संकलनकर्ता



शिक्षा के क्षेत्र के असाधारण व्यक्तित्व के धनी श्री शशिधर उज्जवल जिन्होंने विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में लगातार अपनी सकारात्मक सोच का प्रयोग करते हुये सृजनशील विचारों को विद्यालय की सरजमींपर उतार कर सरकारी विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इन्होंने अपने मेहनत से अर्जित किये गये कुछ रूपये के प्रयोग शिक्षण सामग्री जैसे रंगीन चौक का प्रयोग तथा लैपटॉप के द्वारा बच्चों को पढ़ने में रुचि जगाने का प्रयास किया। इनका मानना है कि पाठ्यचर्या में शामिल अतिरिक्त सहगामी क्रियाओं तथा शैक्षणिक परिभ्रमण का सकारात्मक प्रयोग किया जाना चाहिये।

नाम: शशिधर उज्ज्वल

शैक्षणिक योग्यता- M.A.(GEO.), B.ED., D.EL.ED., BTET

पदस्थापन- फरवरी 2014

मोबाइल नो – 7004859938

ईमेल- ujjawal.shashidhar007@gmail.com

विद्यालय- मध्य विद्यालय सहसपुर, प्रखंड- बारूण, जिला- औरंगाबाद, बिहार